# ACCOUNTANCY AND BUSINESS STATISTICS

## First Paper (Direct Taxes)

## OBJECTIVE PART-I

**Maximum marks : 40**

1. (i) To what extent the contribution given by an employer in respect of the assessee to the Approved Super-annuation Fund is exempted?
नियोक्ता द्वारा करदाता के सम्बन्ध में अनुमोदित अधिवार्षिकी कोष में दिया गया अंशदान किस सीमा तक करमुक्त होता है ?

(ii) Can the annual value of a house property be in negative? If so, how?
क्या किसी मकान सम्पति का वार्षिक मूल्य ऋणात्मक हो सकता है? यदि हाँ, तो कैसे ?

(iii) Shri Keshav is having his own transport company. During the previous year 2010-11, he used one light commercial vehicle for 4 months and 3 days, one medium commercial vehicle for 10 months and one heavy commercial vehicle for 10 months and 27 days. In addition he took 3 heavy commercial vehicles on lease throughout the year. Calculate his presumptive income from the said business.
श्री केशव की अपनी एक ट्रांसपोर्ट कम्पनी हैं। उन्होंने गत वर्ष 2010-11 में एक हल्का व्यापारिक वाहन 4 माह 3 दिन के लिए एक मध्यम माल वाहन 10 माह के लिए तथा एक भारी माल वाहन 10 माह 27 दिन के लिए प्रयोग में लिया। इनके अतिरिक्त उसने तीन भारी माल वाहन किराये पर लेकर वर्ष पर्यन्त उपयोग में लिये। उनकी उक्त व्यापार से परिकल्पित आय ज्ञात कीजिये।

(iv) In the computation of long term capital gain the cost of acquisition is indexed. Explain the exception, if any.
दीर्घकालीन पूँजी लाभों की गणना में प्राप्त करने की लागत को निर्देशित किया जाता है। इसका कोई अपवाद हो तो समझाइये।

(v) During the previous year 2010-11 in the month of March, 2011 Ram received as interest Rs: 5,400 from Shyam and Mohan each. Shyam and Mohan each is a sole proprietor of his business. During the financial year 2009-2010 the gross turnover of Mr. Shyam was Rs. 50 lakhs while the gross turnover of Mr. Mohan was only Rs. 35 lakhs. Calculate the income from other sources of Mr. Ram.
राम ने श्याम और मोहन प्रत्येक से गत वर्ष 2010-11 में 5,400 रुपये ब्याज के मार्च, 2011 में प्राप्त किये। श्याम और मोहन दोनों अपने-अपने व्यवसाय के एकल स्वामी हैं। श्याम की कुल बिक्री वित्तीय वर्ष 2009-10 में 50 लाख रुपये थी जबकि मोहन की 35 लाख रुपये थी। राम की अन्य साधनों से आय शीर्षक की आय की गणना कीजिये।

(vi) Can an assessee get deduction under Section 80C without making any payment during the previous year? If yes, how?
क्या गत वर्ष में बिना कोई भुगतान किये भी करदाता को धारा 80सी की कटौती मिल सकती है ? यदि हाँ, तो कैसे ?

(vii) Compute gross tax liability for assessment year 2011-12, if total income of a female assessee is Rs. 2,45,000 including casual income of Rs. 50,000.
यदि एक महिला करदाता की कुल आय 50,000 रुपये की आकस्मिक आय को शामिल करते हुए 2,45,000 रुपये हो तो कर-निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए सकल कर दायित्व ज्ञात कीजिये।

(viii) Taxable income of a firm is Rs. 1,20,00,000. Find out the tax payable by it for the assessment year 2011-12.
एक फर्म की कर योग्य आय 1,20,00,000 रुपये है। कर निर्धारण वर्ष 2011-12 में इस फर्म द्वारा देय कर की राशि ज्ञात कीजिये।

(ix) Enumerate any two categories of persons who are required to fill their return of income compulsorily, irrespective of quantum of their income.
ऐसे किन्हीं दो प्रकार के व्यक्तियों का उल्लेख कीजिये जिनको अपनी आय का नक्शा भरना अनिवार्य होता है, चाहे भले ही उनकी आय कुछ भी हो ?

(x) Mention the prescribed date of second instalment of advance tax payable by an individual assessee. Also mention the percentage of tax payable.
एक व्यष्टि करदाता द्वारा अग्रिम कर के भुगतान की द्वितीय किश्त की

निर्धारित तिथि को बताइये। देय कर की राशि का प्रतिशत भी बताइये।

2. (i) Dr. Suman is a lecturer in Government College. On July 1, 2006 she has been fixed at Rs. 44,380 in new pay scale of Rs. 37,400-67,000. In addition to it Rs. 9,000 is payable to her as academic grade pay. As per Government rules annual increment is given @3% of salary and academic grade pay which is rounded off in the next multiple of Rs. 10. Find out basic salary of Dr. Suman for the assessment year 2011-12.

डॉ. सुमन राजकीय महाविद्यालय में व्याख्याता हैं। जुलाई 1, 2006 को उनको 37,400-67,000 रुपये की नई वेतन शृंखला में 44,380 रुपये पर स्थिर किया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें 9,000 रुपये अकेडमिक ग्रेड पे देय है। सरकारी नियमानुसार वेतन तथा अकेडमिक ग्रेड पे का 3 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दी जाती है, जिसे 10 रुपये के आगामी गुणांक में पूर्णांकित किया जाता है। कर-निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए डॉ. सुमन का मूल वेतन ज्ञात कीजिये।

(ii) Raman started construction of a residential house on 1st January, 2005. It was completed on 10th June, 2010. It consists of two residential units. Both the units are used for his own residence. He took a loan of Rs. 6,00,000 on 1st April, 2006 for the construction of this house at an interest rate of 15% per annum. No part of the loan has been repaid till now. Compute the amount of interest deductible for the Assessment Year 2011-12.

रमन ने एक आवासीय मकान का निर्माण 1 जनवरी, 2005 को प्रारम्भ किया। यह मकान 10 जून, 2010 को बनकर तैयार हुआ। इस मकान में रहने की दो इकाइयां हैं। दोनों इकाइयों का प्रयोग वे अपने स्वयं के आवास के लिए करते हैं। इस मकान के निर्माण के लिए उन्होंने 1 अप्रैल, 2006 को 6,00,000 रुपये का ऋण 15 प्रतिशत प्रति वर्ष की ब्याज दर पर लिया था। ऋण के किसी भी भाग का अभी तक पुनर्भुगतान नहीं किया गया है। कर निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए ब्याज की कटौती योग्य राशि की गणना कीजिये।

(iii) An assessee has three deep discount bonds. Two of these from I.D.B.I. and one from I.C.I.C.I. He got Rs. 26,000 during the previous year on the redemption of one bond of Rs. 10,000, and the second bond of Rs. 15,000 was sold in the market for Rs. 27,000. The market price of the third bond on 31st March, 2010 and 31st March, 2011 was Rs. 11,200 and Rs. 11,200 and Rs. 12,600 respectively. Compute the taxable income of various heads for the Assessment Year 2011-12.

एक करदाता के पास गहन बट्टे वाले तीन बॉण्ड हैं। इनमें से दो बाण्ड आई.डी.बी.आई. के हैं तथा एक आई.सी.आई.सी.आई. का है। इनमें से 10,000 रुपये के एक बॉण्ड के शोधन पर गतवर्ष में 26,000 रुपये प्राप्त हुए तथा दूसरे 15,000 रुपये के बॉण्ड को बाजार में 27,000 रुपये में बेच दिया। तीसरे बॉण्ड का 31 मार्च, 2010 एवं 31 मार्च, 2011 को बाजार मूल्य क्रमशः 11,200 रुपये एवं 12,600 रुपये था। कर निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए विभिन्न शीर्षकों की कर योग्य आय बताइये।

(iv) Though argucultural income is exempt from tax, yet it increases the tax liability on other incomes. Discuss.

यद्यपि कृषि आय करमुक्त है किन्तु इसके कारण अन्य आयों पर कर दायित्व में वृद्धि हो जाती है। विवेचन कीजिये।

(v) A firm earned Rs. 3,40,000 as profit after allowing interest of Rs. 1,80,000 on their capital @ 18%. Partner A has been given remuneration of Rs. 1,80,000 and B has been given remuneration of Rs. 1,20,000. Both areactive partners and interest ana remuneration are in accordance to partnership deed. Calculate the tax payable by the firm for the Assessment Year 2011-12.

एक फर्म द्वारा अपने साझेदारों को 18 प्रतिशत की दर से पूंजी पर 1,80,000 रुपये का ब्याज देने के बाद 3,40,000 रुपये का लाभ हुआ। साझेदार ए को 1,80,000 रुपये एवं बी को 1,20,000 रुपये का पारिश्रमिक दिया है। दोनों ही सक्रिय साझेदार हैं तथा ब्याज व पारिश्रमिक साझेदारी संलेख के अनुसार हैं। फर्म द्वारा देय कर की राशि की गणना कर निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए कीजिये।

## DESCRIPTIVE PART-II

**Maximum marks : 60**

3. Shri Pankaj was appointed as a technician in M/s Delhi Cloth Mill, Delhi on January 1, 1994 in the scale of Rs. 8,000-400-14,000-600-20,000. He was in receipt of city compensatory allowance @ Rs. 200 p.m. dearness allowance@ Rs. 1,000 p.m., dearness allowance @ Rs. 1,000 p.m. (under the terms of employment) and entertainment allowance @ Rs. 500 p.m. He had taken an advance of 3 months salary on February 1, 2010. He was provided a rent free residential accommodation facility by his employer. The amount of rent of the house was Rs. 4,000 P.M.

He services were terminated on account of retrenchment on July 1, 2010 and he was paid Rs. 1,00,000 as compensation for it. No notice was given to him for his retrenchment so he was paid Rs. 50,000 as salary of notice pericd. At the time of termination of services earned leave of 9 months was at his credit for which he was paid Rs. 1,42,200 including dearness allowance and city compensatory allowance. He gets Rs. 6,000 p.m. as pension. He received on January 1, 2011 Rs. 4,50,000 as commuted value of pension for 3/4th his pension. Compute Shri Pankaj's taxable income from salaries for the Assessment Year 2011-12.

श्री पंकज 1 जनवरी, 1994 को मैसर्स दिल्ली क्लाथ मिल, दिल्ली में एक तकनीकी कर्मचारी के रूप में 8000-400-14,000-600-20,000 रुपये के वेतनमान में नियुक्त हुए। उन्हें प्रतिमाह नगर क्षतिपूरक भत्ता 200 रुपये, महंगाई भत्ता 1,000 रुपये (सेवा शर्तों के अन्तर्गत) और मनोरंजन भत्ता 500 रुपये मिलता था। उन्होंने 1 फरवरी, 2010 को 3 माह का वेतन अग्रिम लिया था। उन्हें नियोक्ता की ओर से किराये मुक्त मकान की सुविधा भी मिली हुई थी जिसका मासिक किराया 4,000 रुपये था।

उनकी सेवाएँ 1 जुलाई, 2010 को कर्मचारियों की छंटनी किये जाने के कारण समाप्त कर दीं गई तथा उन्हें इसके लिए 1,00,000 रुपये की राशि क्षतिपूर्ति के रूप में दी गई। उन्हें छंटनी के कारण नौकरी से हटाने की पूर्व सूचना नहीं दी गई थी। अत: उन्हें 50,000 रुपये की राशि सूचना अवधि के वेतन के रूप में चुकाई गई। सेवा समाप्ति के समय उनके खाते में 9 माह का अर्जित अवकाश क्रेडिट था जिसके लिए उन्हें महंगाई भत्ता तथा नगर क्षतिपूरक भत्ते सहित 1,42,200 रुपये का भुगतान किया गया। उन्हें 6,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन प्राप्त होती है। उन्हें 1 जनवरी, 2011 को 4,50,000 रुपये अपनी पेंशन के 3/4 भाग के स्थान पर एकमुश्त प्राप्त हुए। कर निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए श्री पंकज के करयोग्य वेतन की गणना कीजिये।

Or

How is residence of assessess determined for income tax purpose? Explain the relationship between residence and tax liability.

करदाता का निवास स्थान आय कर के लिए किस प्रकार निर्धारित किया जाता है ? निवास स्थान व कर दायित्व के आपसी सम्बन्धों को स्पष्ट कीजिये।

**Section-B**

4. From the following particulars compute the total income and the net tax payable or refundable by an individual assessee for the assessment year 2011-12

निम्नलिखित विवरण से एक व्यष्टि करदाता की कर निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए कुल आय एवं शुद्ध देय कर अथवा वापसी की गणना कीजिये।

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Income from let out property (taxable)<br>किराये पर उठाई गई मकान सम्पत्ति से आस (कर योग्य) | (-) 25,000 |
| (ii) | Income froim business and profession<br>व्यापार अथवा पेशे की आय | 10,76,000 |
| (iii) | Long term capital gain (computed)<br>दीर्घकालीन पूँजी लाभ (गणना किया हुआ) | 1,47,000 |
| (iv) | Dividend received from co-operative societies<br>सहकारी समितियों से लाभांश प्राप्त किया | 9,000 |
| (v) | Received interest from unlisted debentures of a company<br>एक कम्पनी के असूचित ऋण पत्रों से ब्याज प्राप्त किया | 9,000 |
| (vi) | Winning from M.P. State Lottery in December, 2010<br>मध्यप्रदेश सरकार की लॉटरी का इनाम जीता दिसम्बर 2010 में | 30,000 |
| (vii) | Donation to charitable institutions<br>पुण्यार्थ संस्थाओं को दान | 10,000 |

(viii) Paid premium of insurance of his health by cheque 18,000
अपने स्वयं के स्वास्थ्य के बीमे का प्रीमियम चैक से चुकाया

(ix) Donation to National Defence Fund 4,500
राष्ट्रीय सुरक्षा कोष में दान

(x) Purchased National Saving Certificates (VIII issue) 70,000
राष्ट्रीय बचत पत्र अष्टम निर्गमन खरीदे

(xi) Deposited in Public Provident Fund 35,000
सार्वजनिक भविष्य निधि में जमा कराये

(xi) Contribution to notified long term infrastructure bonds of Power Finance Corporation 15,000
पावर फाइनेन्स कारपोरेशन के अधिसूचित दीर्घकालीन ढाँचागत बाण्ड्स में अंशदान किया

Or

Discuss the provisions of Income Tax Act relating to the set off and carry forward of losses.
हानियों की पूर्ति एवं उन्हें आगे ले जाने से सम्बन्धित आयकर अधिनियम के प्रावधानों का वर्णन कीजिये।

**Section-C**

5. A, B and C are equal partners in a firm in which A and B are working partners and C is non-working partner. Each partner was given interest on his capital @ 18% per annum for the year 2010-11, the amount of which was Rs. 18,000, Rs. 27,000 and Rs. 36,000 for A, B and C respectively. Apart from it salary of Rs. 3,000 per month for A, Rs. 2,000 per month for B and Rs. 3,000 per month for A, Rs. 2,000 per month for B and Rs. 1,000 per month for C and a bonus of Rs. 10,000 per annum for each partner were paid during 2010-11. The profits of the firm after adjustments for the above payments were Rs. 60,000 which included Rs. 20,000 of the long term capital gains. On an enquiry, you find that the partnership deed of the firm was amended on 1st January, 2011. According to this amendment the payment to partners for interest, salary and bonus as mentioned above was to be made to them with effect from 1st July, 2010, while the immediately preceding partnership deed provided only for interest on capital @ 12% per annum to be paid to the partners. Ascertain the total income of the firm and tax payable on it for the Assessment year 2011-12.

A, B एवं C एक फर्म में बराबर के साझेदार हैं, जिसमें ए तथा बी सक्रिय साझेदार हैं तथा सी निष्क्रिय साझेदार है। 2010–11 वर्ष के लिए प्रत्येक साझेदार को उसके पूँजी खाते पर 18% वार्षिक की दर से ब्याज दिया गया, जिसकी राशि ए, बी एवं सी के लिए क्रमश: 18,000 रुपये, 27,000 रुपये तथा 36,000 रुपये थी। इसके अतिरिक्त 2010–11 में ए को 3,000 रुपये प्रतिमाह, बी को 2,000 रुपये प्रतिमाह तथा सी को 1,000 रुपये प्रतिमाह वेतन के रूप में तथा प्रत्येक साझेदार को 10,000 रुपये वार्षिक बोनस के रूप में दिये गये।

उपरोक्त भुगतानों का समायोजन करने के पश्चात् फर्म का लाभ 60,000 रुपये था, जिसमें 20,000 रुपये का दीर्घकालीन पूँजी लाभ भी शामिल था। जाँच पड़ताल करने पर आपको यह मालूम हुआ कि फर्म के साझेदारी संलेख में 1 जनवरी, 2011 को संशोधन किया गया था। इस संशोधन के अनुसार 1 जुलाई, 2010 से साझेदारों को उपरोक्त प्रकार से ब्याज, वेतन एवं बोनस देने की व्यवस्था थी, जबकि उससे तुरन्त पूर्व के साझेदारी संलेख के अनुसार साझेदारों को पूंजी पर 12% वार्षिक की दर से केवल ब्याज पाने का अधिकार था।

कर निर्धारण वर्ष 2011–12 के लिए फर्म की कुल आय तथा उस पर देय कर की राशि ज्ञात कीजिये।

Or

State in detail the liability to pay advance tax and the method of its computation.
अग्रिम कर के भुगतान के सम्बन्ध में दायित्व तथा गणना विधि का विस्तार से उल्लेख कीजिये।